## एक नजर में


### आज निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025- 26 क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन होगा : महापौर



**बुरहानपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025.26 के अंतर्गत नगर पालिक निगम बुरहानपुर महापौर माधुरी अतुल पटेल द्वारा समस्त माननीय जन प्रतिनिधियों और व्यापारिक संगठन धार्मिक संगठन एवं सफाई मित्रों को उक्त कार्यशाला में आमंत्रित किया गया है क्षेत्र में फील्ड सत्यापन कार्य दिनांक 15/04/2026 से 30/05/2026 के मध्य प्रस्तावित है। इस महत्वपूर्ण सर्वेक्षण की तैयारियों को सुदृढ़ करने तथा शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा एक दिवसीय स्वच्छता संवाद एवं क्षमतावर्धन कार्यशाला दिनांक 24/04/2026 को परमानंद गोविंद जी वाला ऑटो टोरियम में सुबह 10.00 बजे से आयोजित की जा रही है।

इस कार्यशाला का उद्देश्य नवीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ.साथ जनभागीदारी को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में तीन प्रमुख सत्र आयोजित किए जाएंगे।प्रथम सत्र में बुरहानपुर के समस्त माननीय जनप्रतिनिधियों ;माननीय सांसद, विधायक,महापौर, निगमाध्यक्ष एवं पार्षदगण की गरिमामयी उपस्थिति में उद्घाटन समारोह आयोजित होगा,जिसमें नवीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों में जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। द्वितीय सत्र में विभिन्न हितधारकों जैसे व्यापारी संगठन,धार्मिक संगठन, फार्मासिस्ट एसोसिएशन,पावरलूम एसोसिएशन, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रहेगी, जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन,प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट एवं बायो.वेस्ट जनरेशन से संबंधित दिशा.निर्देश प्रदान किए जाएंगे।तृतीय सत्र में नगर निगम के सफाई मित्रों के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 के विभिन्न आयामों तथा उनकी सुरक्षा एवं कार्यक्षमता वृद्धि हेतु विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएगीए जिसके उपरांत सामूहिक भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस कार्यशाला में संचालनालय नगरीय विकास एवं आवास विभाग से स्वच्छ भारत मिशन के उप मिशन संचालक श्री निलेश दुबे की गरिमा मय उपस्थित रहेगी।

### मछली पकड़ने गए व्यक्ति की डूबने से मौत



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में ताप्ती नदी के अंधारवाड़ी घाट से गुरुवार को 60 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। नेपानगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान नेपानगर के मनोज टॉकिज निवासी रामू पिता किशना कहार के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार रामू मछली पकड़ने के लिए नदी में गया था और संभवत: इसी दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई। नेपानगर थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल ने बताया कि गुरुवार दोपहर ताप्ती नदी के अंधारवाड़ी घाट पर शव मिलने की सूचना मिली थीए जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध नहीं लग रहा है क्योंकि मृतक अक्सर मछली पकड़ने के लिए ताप्ती नदी पर जाया करता था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच की जा रही है।

### बुरहानपुर में ऑल इज वेल सुपर क्लीनिक का भव्य शुभारंभ, अत्याधुनिक सुविधाओं से मिलेगा इलाज




**बुरहानपुर।** शहरवासियों के लिए ऑल इज़ वेल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा 23 अप्रैल को शनि मंदिर के पास अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ऑल इज़ वेल सुपर क्लीनिक का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस क्लीनिक का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.रमेश कापड़िया, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.आबिद सैय्यद एवं जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मनोज अगनानी के कर.कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठा.सुरेंद्रसिंह जी, श्री नीरज कक्कड़,पार्षद श्री आशीष शुक्ला, नारायण नगर अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, अपना कमर्शियल क्रेडिट को.ऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष शरद मोरे,उपाध्यक्ष संजय महाजन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। कार्यक्रम में जिला केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव शरद जैन, प्रदीप राजे,डॉ. सुभाष माने, बीसा लाड समाज अध्यक्ष चंद्रकांत श्रॉफ,गुजराती समाज ट्रस्ट अध्यक्ष एवं एडवोकेट हेमेंद्र गोविंदजीवाला, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.आई.एल. मूंदड़ा,डॉ.आलोक गर्ग, डॉ.के.पी.श्रोती, डॉ.जूही गर्ग सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। संस्था के फाउंडर एवं चेयरमैन श्री आनंद प्रकाश चौकसे, मैनेजिंग डायरेक्टर कबीर चौकसे तथा एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर देव्यांशी चौकसे ने बताया कि इस क्लीनिक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। क्लीनिक में प्रतिदिन जनरल फिजिशियन;डॉ दिव्येश लाड,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.मोनिश गुप्ता, अस्थि रोग विशेषज्ञ ;डॉ.दिलीप पाटीदार तथा जनरल सर्जन ; डॉ.गौरव सिंग परदेसीद्ध की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, जिससे मरीजों को एक ही स्थान पर बेहतर इलाज मिल सकेगा। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे बुरहानपुर के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### मुख्यमंत्री केयर योजना का स्वागत



**बुरहानुपर।** मध्य प्रदेश कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने मोहन कैबिनेट की मुख्यमंत्री केयर योजना योजना के निर्णय का स्वागत किया है कैबिनेट ने कर्मचारी और पेंशनरों के लिए मुख्यमंत्री केयर योजना को मंजूरी दी है योजना में कर्मचारी और पेंशनर को 20 लख रुपए तक का कैशलेस इलाज मिलेगा । इसके लिए कर्मचारियों से उनके मूल वेतन का एक प्रतिशत और पेंशनरों से 4: मासिक प्रीमियम लिया जाएगा ।प्रदेश के 11 लाख से अधिक कर्मचारी और पेंशनर योजना के दायरे में आएंगे प्रस्ताव के अनुसार योजना में हितग्राही का फोटो युक्त यूनिक आईडी डिजिटल कार्ड बनाया जाएगा, उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने कहा कि मुख्यमंत्री केयर योजना लागू होने पर ओपीडी दवा और उपकरण के लिए 20000 प्रतिवर्ष इलाज सरकारी व संबंध निजी अस्पतालों में उपलब्ध रहेगी डिजिटल यूनिक आईडी कार्ड के माध्यम से सुविधा मिलेगी। संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशफाक खान,संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी राजेश साल्वे,अनिल बाविस्कर, धर्मेंद्र चौकसे, विजय राठौड़ ,राजेश पाटील, सदानंद भाई ,संतोष दलाल आदि ने सरकार के निर्णय का स्वागत किया है एवं मुख्यमंत्री जी की संवेदनशील का देखते उनका आभार व्यक्त किया।

# सांसद अनुज विश्वनाथ पाटिल का अंतिम संस्कार,सीएम ने ट्वीट कर दी श्रद्धांजलि





## ताप्ती नदी घाट पर हजारों लोगों ने शामिल होकर दी श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** खंडवा संसदीय सीट से सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के छोटे भाई विश्वनाथ पाटिल का गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। बुरहानपुर के ग्राम बोहरडा स्थित ताप्ती नदी घाट पर हुए अंतिम संस्कार में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। विश्वनाथ पाटिल 57 की अंतिम यात्रा सांसद निवास से निकाली गई। इसमें खंडवा और बुरहानपुर जिले सहित अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल बुधवार शाम को ही दिल्ली से बुरहानपुर पहुंचे थे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भी विश्वनाथ पाटिल के निधन पर ट्वीट कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

विश्वनाथ पाटिल का शव एक दिन पहले बुधवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में उनके खेत के कुएं में मिला था। वह सुबह करीब चार बजे बिना मोबाइल और गाड़ी के घर से निकले थे। कुएं के पास उनकी चप्पल मिली थी। बाद में उनका शव कुएं से बरामद हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अंतिम यात्रा में जिले के भाजपा और कांग्रेस ,अन्य राजनितिक दलो के जनप्रतिनिधी,समाजबंधु सहित समाजसेवी , गणमान्यजन तथा कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल हुए।

### द्वार दर्शन निज निवास, ग्राम बोहरडा में 4 मई तक

**शोक सूचना:-** खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के अनुज विश्वनाथ पाटिल ,बाडू भैया का स्वर्गवास दिनांक 22 अप्रैल 2026 को हो गया है। इस शोक अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील दिनांक 4 मई 2026 तक प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक द्वार दर्शन हेतु अपने निज निवास, ग्राम बोहरडा,बुरहानपुर में उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त जानकारी कार्यालय प्रभारी प्रवीण गुंजाल, संतोष जायसवाल निज सचिव, दिवाकर तिवारी निज सहायक द्वारा दी गई।

## प्रथम चरण हेतु 42 प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज,**
**नेपानगर।** नवीन नगरपालिका कार्यालय भवन में जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु 42 प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेपानगर की छात्राओं द्वारा अनोखे ढंग से जनगणना चिन्ह की रंगोली बनाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई ,स्टेट ट्रेनर सुदर्शननाथ सेठी द्वारा प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया एवं जनगणना कार्य के लिए प्रोत्साहित किया, निकाय कर्मचारियों द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को सम्मान के तौर पर जनगणना बेच लगाकर उनके आगमन पर सम्मान किया। चार्ज अधिकारी/ सीएमओ मोहनसिंह अलावा द्वारा जनगणना कार्य हेतु उद्बोधन दिया गया एवं सभी को कार्य के लिए शुभकामनाएं दी । प्रगणक दिव्यानी मराठे को प्रशिक्षण दौरान बउव`पत द्वारा सम्मानित कर सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर्स को प्रोत्साहित किया एवं एसआईआर का हवाला देते हुए उनके कार्य की सराहना की।

## जनगणना 2027 हेतु त्रि .दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ





**नवभारत न्यूज,**
**शाहपुर।** जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से नगर परिषद शाहपुर के सभागार में त्रि.दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी विजय तुलस्कर, संकुल प्राचार्य एवं फिल्ड ट्रेनर धर्मेन्द्र देशमुख तथा उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं सहायक फिल्ड ट्रेनर सुभाष बडोले का नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा पुष्पहार से स्वागत किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत फिल्ड ट्रेनर धर्मेन्द्र देशमुख एवं सहायक फिल्ड ट्रेनर सुभाष बडोले द्वारा कुल 38 प्रतिभागियों 32 प्रगणक एवं 06 पर्यवेक्षक को जनगणना से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना प्रक्रिया,डेटा संकलन, तकनीकी पहलुओं तथा फील्ड कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है, जिससे जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से संपादित किया जा सके।

कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समुचित व्यवस्थाओं में चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान,जनगणना लिपिक जगन्नाथ महाजन,ईश्वर वरखेडे ,रतनसिंग रावत,हिमांशु पाटील,चेतन महाजन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे एवं उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

नगर परिषद शाहपुर द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनगणना 2027 को सफलए सटीक एवं प्रभावी रूप से संपन्न कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## परिवार के चार लोग घायल,डायल 112 ने रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। जैनाबाद फाटा पर एक बोरवेल ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। घायलों को डायल 112 की टीम ने तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया।

यह घटना पुराने आरटीओ बैरियर के पास हुई। बोरवेल ट्रक द्वारा कट मारने के कारण ऑटो पलट गया। ऑटो में शाहपुर से जैनाबाद जा रहे शाकिर शेख के परिवार के चार सदस्य सवार थेए जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं। सूचना मिलते ही डायल 112 की एफआरवी 5 टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। शिकारपुरा थाना की डायल 112 टीम ने सभी घायलों को बुरहानपुर के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। इस बचाव कार्य में महिला आरक्षक रंजू वास्केल, प्रधान आरक्षक अमोल देशमुख और एफआरवी चालक सागर राजपूत शामिल थे। उनकी त्वरित कार्रवाई से घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने डायल 112 को ऐसी घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, जिसके तहत टीम समय.समय पर घायलों की मदद के लिए आगे आ रही है।

## जिला चिकित्सालय में औषधि भंडार का किया औचक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला चिकित्सालय बुरहानपुर के औषधि भंडार का औचक निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के. वर्मा ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य मरीजों को आवश्यक दवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा भंडारण व्यवस्था की गुणवत्ता का परीक्षण करना था।

निरीक्षण के दौरान जीवन रक्षक एवं जेनरिक दवाओं के स्टॉक का मिलान स्टॉक रजिस्टर से किया गया। साथ ही उपलब्ध दवाओं की एक्सपायरी की जांच कर गुणवत्ता सुनिश्चित की गई। औषधियों के सुरक्षित एवं निर्धारित तापमान पर भंडारण की व्यवस्था का भी परीक्षण किया गया तथा भंडार कक्ष एवं रिकॉर्ड रूम में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था भी देखी गयी।

निरीक्षण के दौरान स्टोर कीपर को निर्देशित किया गया कि ई.औषधि पोर्टल पर स्टॉक की ऑनलाइन प्रविष्टि समय पर की जाए, जिससे दवाओं की उपलब्धता की सटीक जानकारी बनी रहे। मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और किसी भी आवश्यक दवा की कमी नहीं होनी चाहिए।

# नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश, आरोपी को 7 साल की जेल

### छेड़छाड़ के दोषी को 2 साल कारावास, कोर्ट ने 2000 रुपए का जुर्माना लगाया




**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में कोर्ट ने दो अलग.अलग मामलों में फैसला सुनाया है। एक मामले में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत सात साल के सश्रम कारावास और 2ए000 रुपये जुर्माने की सजा दी गई है। वहीं, दूसरे मामले में छेड़छाड़ के आरोपी को दो साल के सश्रम कारावास और 2,000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया है।

खकनार थाना क्षेत्र के आरोपी आनंद पिता अर्जुन भिलावेकर को विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ने यह सजा सुनाई। आरोपी ने 13 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास किया था। यह घटना 18 अप्रैल 2025 को दोपहर करीब 2 बजे हुई थी, जब पीड़िता बकरियां चराने जंगल गई थी।

विशेष लोक अभियोजक रामलाल रन्धावे ने बताया कि आनंद ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने अपनी समझदारी दिखाते हुए मिट्टी उठाकर आरोपी की आंखों में फेंक दी और वहां से भागकर अपने घर पहुंची। उसने अपने माता.पिता को घटना की जानकारी दीए जिसके बाद परिजनों ने खकनार थाने में शिकायत दर्ज कराई।

**पुलिस जांच के बाद कोर्ट ने सुनाई सजा:-** पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच के बाद कोर्ट में चालान पेश किया। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक रामलाल रन्धावे ने पैरवी की। कोर्ट ने आरोपी आनंद भिलावेकर को धारा 4;2द्ध सहपठित धारा 18 पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी मानते हुए 7 वर्ष के कारावास और ,000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया। यह फैसला बुधवार देर शाम आया।

छेड़छाड़ के मामले में 2 साल की सजा:- दूसरे मामले में, निंबोला थाना क्षेत्र के खातला निवासी आरोपी दीपक पिता लखन को छेड़छाड़ के आरोप में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 74 और 75,1 के तहत दो साल की सजा और 2,000 /-रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया।

**पुलिस टीम की जांच और एसपी ने जताया संतोष:-** निंबोला मामले की जांच थाना प्रभारी राहुल कामले और सहायक उपनिरीक्षक रेखा मोरे ने की थी। जबकि खकनार मामले की जांच थाना प्रभारी अभिषेक जाधव और उपनिरीक्षक रामेश्वर बकोरिया ने की। बुरहानपुर एसपी देवेंद्र पाटीदार ने महिला अपराधों में प्रभावी कार्रवाई के ऐसे न्यायिक परिणामों पर संतोष व्यक्त किया।

### 10वीं .12वीं के आवेदन 26 अप्रैल तक।

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने गुरुवार को विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है। वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 26 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में मंडल ने आदेश भी जारी कर दिए हैं। माध्यमिक शिक्षा मण्डल,मध्यप्रदेश के सचिव बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि को बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2026 थी। शेष नियम.निर्देश पूर्ववत रहेंगे।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग अंतर्गत बैठक




**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में विशेष दूत, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग सुभाष चंद्रा, कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार तथा सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा की उपस्थिति में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग अंतर्गत बैठक संपन्न हुई।

बैठक में निर्देश दिये गये कि सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर एवं प्रभावी रूप से उपलब्ध कराया जाए। सभी के लिये समान भाव से गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जायें। बैठक में कहा गया कि विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में ऐसे कार्य किए जाएं, जिनसे वहां के लोग आत्मनिर्भर बनें और अपने समुदाय के अन्य लोगों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान को बढ़ावा देने की बात कही तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया जाए।

साथ ही अपूर्ण आवासों के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने एवं शौचालय निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य सामाजिक विषयों पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

**एक नजर** — 8वां पोषण पखवाड़ा का समापन अवसर पर जिला स्तरीय पोषण मेला आयोजित

# अभिभावकों के व्यवहार से ही बच्चों में आदतों का निर्माण होता है . कलेक्टर सिंह





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** गुरुवार को 8वां पोषण पखवाड़ा के समापन अवसर पर परमानंदजी गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय पोषण मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं कलेक्टर हर्ष सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सही आदतों का निर्माण बचपन से ही करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि माताएं बच्चों की पहली गुरु होती हैं, इसलिए उन्हें बचपन से ही पोष्टिक आहार लेनेए अनुशासित दिनचर्या अपनाने एवं मोबाइल से दूरी बनाए रखने की आदत डालनी चाहिए। यदि बच्चों को सही मार्गदर्शन और वातावरण मिलेगा तो उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर होगा।

कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को आयुर्वेद, प्राकृतिक पोषण एवं पारंपरिक ज्ञान से जोड़ना चाहिए। बच्चों का व्यवहार काफी हद तक घर के माहौल से प्रभावित होता है,इसलिए अभिभावकों को भी अपनी आदतों में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए। जब बड़े स्वयं मोबाइल का सीमित उपयोग करेंगे और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएंगे, तो बच्चे भी उनसे प्रेरणा लेकर वही आदतें अपनाएंगे।

**पोषण प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र:-** कार्यक्रम के दौरान विभिन्न परियोजनाओं द्वारा पोषण प्रदर्शनी एवं पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए सराहना की। प्रदर्शनी में मोटे अनाज, सुरजना फली, चना सहित अन्य पोषक तत्वों से बने व्यंजनों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बीट रूट हलवा, विभिन्न प्रकार के चीले,चटनियां, रोटी, सब्जी, इडली एवं चाट जैसे पौष्टिक व्यंजन तैयार कर प्रदर्शित किए गए।

कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत हितग्राही बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही जिले की टॉपर बालिकाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नाट्य प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, सीएमएचओ डॉ.आर. के. वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती भारती अवास्या सहित महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला मौजूद रहा।